>

Title: Need to close down liquor shops along National Highways in the country.

श्री बलीराम जाधव (पालघर): राष्ट्रीय राजमार्गों के दोनों तरफ शराब बेचने के लिए राज्य सरकारों ने दुकानें खोलने की स्वीकृति दी है और खूब जोर-शोर से शराब की इन खोली गई दुकानों से शराब की बिक्री की जाती है। लोग इन दुकानों से शराब लेते हैं और पीते हैं और फिर गाड़ी चलाते हैं जिससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। अब केन्द्र तथा राज्य सरकारों इन सड़क दुर्घटनाओं से चिंतित होकर इन दुकानों को यहां से हटाकर अन्यत्र कहीं ले जाने पर विचार कर रही है। सरकार के इस प्रयास पर शराब बेचने वालों ने कोर्ट का सहारा लेना शुरू किया है। अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि राष्ट्रीय राजमार्गों के दोनों तरफ कोई शराब की दुकान न खोली जाए तथा जो दुकानें पहले खोली गई हैं उनको अन्यत्र कहीं दूसरी जगह ले जाएं। मेरा ऐसा मानना है कि सरकार के इस कदम से सड़क दुर्घटनाओं में काफी कमी आएगी और राजमार्ग में हो रही दुर्घटनाओं में काफी कमी आएगी।